दिनांक 19 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बिना अनुमति केबल बिछाने वाले टाटा टेलीकाॅम के खिलाफ निगम ने की कार्यवाही , एचटीडी मशीन जप्त

भिलाईनगर/ बिना अनुमति केबल तार बिछाने वाले टेलिकाॅम कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की गई। निगम के राजस्व विभाग के टीम ने सड़क खोदकर केबल बिछाने वाले एचटीडी मशीन को जप्त किया। टाटा टेलीकाॅम कंपनी ने शहर में केबल बिछाने बिना निगम की अनुमति के कार्य शुरू करते हुए मार्केट के सड़कों के बीचो बीच जगह-जगह गडढे करना शुरू कर दिए थे , जिसके वजह आवागमन में काॅफी परेशानी हो रही थी , इसकी शिकायत स्थानीय व्यापारियों द्वारा किए जाने के बाद निगम के अधिकारी मौके का निरीक्षण किए और तत्काल कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गडढे खोदने के कार्य को बंद कराया। सुपेला क्षेत्र के मुख्य बाजार के बीचो बीच गडढे खोदकर केबल बिछाने का कार्य एक टेलीकॉम कंपनी द्वारा किया जा रहा था। सड़को पर जगह-जगह गडढे करने की वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। इसकी शिकायत व्यापारियों द्वारा निगम प्रशासन से किए थे , जिसके लिए निगम के उपायुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त तरूण पाल लहरे एवं जोन 01 के अधिकारी एवं राजस्व विभाग की टीम मौके का निरीक्षण किए और टाटा टेलीकाॅम कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य को बंद कराया। आज जोन 01 राजस्व विभाग की टीम ने बिना अनुमति केबल बिछाने और सड़कों के बीचो बीच बेतरतीब तरीके से गडढे खोदने वाले टाटा टेलीकाॅप कंपनी के केबल बिछाने वाले एचडीटी मशीन को मौके पर जप्त किया है।

जनसम्पर्क अधिकारी